एक नजर में

सावन कल से, कावड़ यात्राओं का दौर होगा शुरू

बागली। पवित्र धार्मिक माह श्रावण मास 30 जुलाई गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है ।इस माह में पवित्र नदियों के प्रमुख घाटों से हजारों की संख्या में कावड़िया जल भरकर महादेव भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे इस कड़ी में देवास जिले के अंतिम छोर पर पिपरी से 15 किलोमीटर द नर्मदा के धाराजी तट से पूरे माह हजारों की संख्या में पुरुष महिलाएं बाल गोपाल मैया नर्मदा का जल भरकर विभिन्न स्थलों परकोई महाकालेश्वर तो कोई कपिलेश्वर कोई अखिलेश्वर कोई जटाशंकर तो कोई चंद्र केसर कोई ऋण मुक्तेश्वर तथा अपने-अपने ग्रामों के शिवालयो पर जाकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना करेंगे परंतु श्रावण मास के लगने के पहले ही विद्युत कटौती प्रारंभ हो चुकी है पिपरी से धारा जी मार्ग पर गड्ढे भी नहीं भरे गए हैं पुल पुलियाओं के समीप साफ-सफाई भी नहीं हुई है इस व्यवस्था को देखते हुए कबाड़ियों के साथ-साथ आमजन को भी यह समस्या सता रही है फिर भी आस्था में कमी नहीं होगी हर वर्ष से इस वर्ष कावड़ यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होने का अनुमान है ।इस संबंध में क्षेत्र के धार्मिक भक्त प्रताप सिंह डाबी गिरधर गुप्ता पत्रकार सुनील योगी अधिवक्ता प्रवीण चौधरी मातृशक्ति शोभा गोस्वामी संतोष जैन सतीश अग्रवाल राजेश पटेल मोहन हनवाल कैलाश पाटीदार अनार सिंह सेंधव मुकेश गुप्ता महेश यादव शकुंतला वैष्णव आदि ने शासन प्रशासन जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की है ।कि श्रावण मास में कावड़ियों को विद्युत की सुविधा यातायात की सुविधा स्वास्थ्य की सुविधा के लिए एंबुलेंस एवं रात्रि विश्राम स्थल पर सरकारी भवनों में व्यवस्था को सुगम बनाए साथ ही बरछाई घाट पर हर मोड़ पर कावड़ निकलते समय सुरक्षा की व्यवस्था हो ताकि कावड़ियों को परेशानी न हो और सनातन की संस्कृति का ध्वज लेकर चलने वाले श्रद्धालु भक्त के मनोबल में कमी नहीं आये इस और सभी को ध्यान देने की आवश्यकता है

भोजशाला में होगी कवि व्यास की रचित आरती

देवास। भोजशाला व मां वाग्देवी की मुक्ति एवं उनके गौरव की पुनर्स्थापना हेतु सतत् संघर्षरत सकल हिन्दू समाज व महाराजा भोज उत्सव समिति द्वारा प्रति मंगलवार नियमित सत्याग्रह भोजशाला में किया जाता हैं। नियमित सत्याग्रह की वजह से ही भोजशाला की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ और आज सकल हिन्दू समाज सातों दिवस अपनी मां वाग्देवी की आराधना प्रतिदिन, प्रात : से सायं तक भोजशाला में कर रहा है। पूर्ण विजय के ध्येय के साथ किया जाने वाला नियमित सत्याग्रह, हिन्दू समाज की पूर्ण विजय तक निरंतर तब तक चलता रहेगा जब तक की भोजशाला व मां वाग्देवी के गौरव की पुनर्स्थापना नहीं हो जाती। भोजशाला की मुक्ति तथा प्रतीकात्मक मां वाग्देवी व अखण्ड ज्योति की स्थापना के पश्चात प्रतिदिन सैकड़ों हिंदुजन पूरे देश से भोजशाला व मां वाग्देवी के दर्शन करने आ रहे हैं। साथ ही प्रति मंगलवार को होने वाले नियमित सत्याग्रह में किसी विशिष्ट अतिथि या संत समाज द्वारा हिन्दुजनो का मार्गदर्शन किया जाता हैं। आज भी नियमित सत्याग्रह में राष्ट्रीय कवि, वरिष्ठ स्वयंसेवक, विश्व व्यापी भारत माता की आरती के रचनाकार देवकृष्ण व्यास देवास से पधारें थे। आप भोज उत्सव समिति के द्वारा आयोजित भोज उत्सव के मंच पर विगत 40 वर्षों से काव्य पाठ कर कवि सम्मेलन को सुशोभित करते रहे हैं। आपने अपने जीवन का प्रथम काव्य पाठ भोज उत्सव के मंच पर ही किया था। वर्तमान में आप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मासिक पत्रिका के प्रधान संपादक होकर, विद्या भारती का कार्य देखते हैं। आज देवकृष्ण व्यास ने अपनी नवीनतम रचना मां वाग्देवी की आरती को नियमित सत्याग्रह के दौरान भोजशाला में सस्वर प्रस्तुत किया। सभी हिन्दुजनों ने आपका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथि का परिचय भोज शाला मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा द्वारा दिया गया। समिति के अध्यक्ष सुरेश जलोदिया, महाप्रबंधक हेमन्त दौराया, मार्ग दर्शक राजेश शुक्ला, संरक्षक कृष्णा नागर व विश्वास पांडे, महामंत्री सुमित चौधरी,वरिष्ठ मार्गदर्शक बाबूलाल नायक, उपाध्यक्ष श्याम मालवा द्वारा अतिथि देवकृष्ण व्यास का सम्मान किया गया। आज के नियमित सत्याग्रह में बड़ी संख्या में हिंदुजन व मातृशक्ति उपस्थित रही। उक्त जानकारी समिति के महाप्रबंधक हेमन्त दौराया ने दी।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

देवास। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं देवास कॉरपोरेशन एथलेटिक्स एवं खेल एवं युवक कल्याण विभाग देवास द्वारा पुलिस खेल मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय एथलीटक्स प्रतियोगिता जो की 14-16-18- 20-23 वर्ष के बालक-बालिका के लिए आयोजित की गई थी। इसके आधार पर जबलपुर में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप जो की 20 अगस्त से 22 अगस्त तक आयोजित की जा रही है। देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं देवास कॉरपोरेशन एथलेटिक्स एसोसिएशन की दोनों टीमो में भाग लेगे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नशा मुक्ति की शपथ एडिशनल एसपी बाथम द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर देवास जिले के 300 बालक-बालिका उपस्थित रहे। जिला स्तर प्रतियोगिता में 100 मी., 200 मी.,400 मी., 800मी., 1500 मी., 5000 मी., 60 मी.की दौड़ आयोजित की गई। इसी प्रकार गोला फेक, जैवलिन थ्रो, डेक्सट्रो, लॉन्ग जंप भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवास कॉरपोरेशन एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र गौड, मनोज सिंह, राजीव श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, रेनू सिंह, धर्मेंद्र भदोरिया, सुभाष पेंटर, अजय सिंह, रॉबर्ट निमामा, विल्सन, निरंजन यादव आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी 19 अगस्त को जबलपुर के लिए रवाना होंगे। यह जानकारी अनिल श्रीवास्तव जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से दी गई ।

गुरु पूर्णिमा हमारी संस्कृति की गौरवशाली परंपरा : तिवारी

कांटाफोड़। गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात कराने के उद्देश्य से प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नारायण शास्त्री ने गुरु-शिष्य परंपरा, नैतिक शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं राष्ट्रप्रेम पर ओजस्वी उद्बोधन देते हुए कहा कि गुरु केवल शिक्षा नहीं देते, बल्कि चरित्र निर्माण कर जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ संस्कारों को अपनाने, सत्य एवं सेवा के मार्ग पर चलने तथा निरंतर परिश्रम को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य राकेश तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक पर्व है, जो गुरुजनों के प्रति सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के भीतर नैतिक मूल्यों, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास करते हैं, जो उन्हें एक आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण श्रद्धा एवं उत्साह से ओतप्रोत रहा। विद्यार्थियों ने पूरे अनुशासन और एकाग्रता के साथ प्रेरक उद्बोधनों को सुना तथा जीवन में गुरुजनों के आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता नारायण शास्त्री का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

आदेश का उल्लंघन किया, भेजा जेल

नवभारत न्यूज

सोनकच्छ। मंगलवार को सायबर सेल के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि 25 जुलाई की रात करीबन 9 से 10 बजे करीबन कृपाल चौहान पिता संतोष चौहान निवासी मीरपुरखेड़ी के द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी यमराजसिंह 9098 ने नीट पेपर लीक को लेकर जतर मंतर दिल्ली में हो रहे विरोध प्रदर्शन की वीडियो शेयर की, जिसमें लिखा था कि जंतर मंतर के समर्थन में देवास के छात्र उक्त वीडियो का अवलोकन करते पाया गया की म.प्र. पुलिस द्वारा नशा मुक्ति हेतु चलाये जा रहे अभियान नशे से दुरी हे जरूरी 2.0 को लेकर देवास पुलिस द्वारा देवास के स्कूली छात्र छात्राओं के माध्यम से नशे के संबंध मे जागरुकता के लिए मानव श्रृंखला बनाई गई थी।

कृपाल चौहान द्वारा उक्त विडियो को जंतर मंतर में हो रहे विरोध प्रदर्शन के रुप मे अपने इंस्टाग्राम आईडी से प्रचारित प्रसारित किया गया। जो कि आरोपी कृपाल चौहान के द्वारा 16 जुलाई का उल्लंघन किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तहसीलदार नेहा शाह के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी का जेल वारंट बनाकर जेल भेजा गया है।

कलाव्योम फाउंडेशन ने राज्यपाल से की मुलाकात

देवास। कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल के नेतृत्व में परेश प्रजापति एवं मोहित सिंह ने लोक भवन, भोपाल में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर श्रीमाल ने राज्यपाल को कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं शैक्षिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

विशेष रूप से कलाव्योम की ज्ञानव्योम पहल तथा मालवा क्षेत्र के जनजातीय बहुल जिलों में प्रस्तावित जनजातीय लोककला संरक्षण, कौशल विकास एवं आजीविका संवर्धन अभियान की रूपरेखा से उन्हें अवगत कराया। प्रस्तावित अभियान का उद्देश्य जनजातीय लोककलाओं का संरक्षण एवं संवर्धन करते हुए जनजातीय युवाओं को कौशल विकास, स्वरोजगार एवं आजीविका के अवसरों से जोड़ना है, ताकि वे अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन सकें। राज्यपाल पटेल ने कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा समाज, शिक्षा, संस्कृति एवं जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए प्रस्तावित अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए अपना मार्गदर्शन-शुभकामना दी।

दो दिवसीय मॉनसून मेला 31 और 1 अगस्त को

देवास। अग्रवाल क्लिंस क्लब द्वारा होटल खेड़ापति इंटरनेशनल देवास में दो दिवसीय 31 जुलाई व11 अगस्त को राखी व मॉनसून मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले को महिलाओं द्वारा संचालित किया जाता है। अलग-अलग शहरों से आकर महिलाओं द्वारा वहां की प्रसिद्ध गृह उपयोग की वस्तुओं की दुकानें लगाई जाती है।

इसमें कलकत्ता की फैंसी साड़ियां और राखियां, हैदराबादी आर्टिफिशियल ज्वेलरी, जयपुरी चूंदड़ी, लहरिया हाई गोल्ड ज्वेलरी, वृंदावन की पोशाखें, सलवार सूट, जींस टॉप, ब्रांडेड कुर्ते पजामे, पानीपत की चादर,घरेलु साज सज्जा सामान की दुकानें लगाई जाएगी। महिलाओं द्वारा चार्ट चौपाटी के स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे। अलग-अलग प्रकार की चीजों के स्टॉल्स लगाए जाएंगे। सुनीता गोयल, पुजा अग्रवाल रिंकी अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रविशा गोयल , श्वेता गोयल द्वारा ग्रैंड तंबोला एवं अन्य मनोरंजक कार्यक्रम बच्चों एवं महिलाओं के लिए आयोजित किए जाएंगे। मेले का संचालन सुनीता गोयल , पुजा अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। मेले में प्रतिदिन लकी ड्रा निकालकर पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मेले में महिलाओं के लिए प्रवेश निशुल्क रखा गया है। मेले का शुभारंभ शुक्रवार को किया जाएगा। जानकारी सुनीता गोयल एवं पूजा अग्रवाल द्वारा दी गई।

50 वर्ष बाद बचपन के साथियों का मिलन समारोह , पौधारोपण संभालने की जिम्मेदारी ली

- स्व. गुरुजी और दोस्तों के नाम पौधरोपण किया
- दोस्ती में तेरा मेरा नहीं होता हमारा होता है, टिफिन आधा-आधा दर्द पूरा पर हंसी डबल होती है

देवास। जिले के ग्राम नागदा की पहाड़ी की तलहटी में बसे कृषि फार्म में पचास वर्ष पूर्व उन्नीस सो छियोत्तर में सोनकच्छ हायर सेकंडरी स्कूल से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले साथियों ने सपत्नीक मिल कर पर्यावरण के प्रति अपनी जागरुकता के चलते पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के संकल्प के साथ छायादार फलदार एक एक पोधे का रोपण स्वर्गीय गुरु जी एवं दोस्तों के नाम पोधा रोपण किया। पोंधे को वृक्ष बनने तक पोषण की जिम्मेदारी पी सी मेहता ने ली। सेवा निवृत्त सहायक परियोजना समन्वयक अरविन्द शर्मा, दूर संचार विभाग से सेवा निवृत्त पी सी मेहता ने साथियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मिलन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर सेवा निवृत्त प्राचार्य सतीशचन्द्र तिवारी, सेवा निवृत्त प्राचार्य डाक्टर राकेश महाजन, डाक्टर बुरहानुद्दीन बोहरा, एल्डरमैन राधेश्याम, गजेश्वर सेवा निवृत्त पशु-चिकित्सक भूषण कानूनगो ने अपनी अपनी हायर सेकंडरी स्कूल के पश्चात पचास वर्षीय जीवन यात्रा के रोचक संस्मरण सुनाये।

चंचल मेहता, गायत्री शर्मा, डाक्टर निलोफर, संध्या कानूनगो, संगीता तिवारी, प्रमिला गजेश्वर, संगीता महाजन आदि साथी सपत्नीक उपस्थित थे सभी ने मनोरंजक चर्चा कर वर्षों बाद बने इस शुभ अवसर पर अपने विचार रखे एवं संस्मरण सुनाये। मित्रता के सम्बन्धों में गहराई पर बातें बताई सार रुप में मित्रता के लिए सभी एक मत हुए कि समय का अपना एक चक्र है जो अपनी गति से चलता है वह न किसी की प्रतीक्षा करता है ना किसी से विदा लेता है पर व्यक्ति के जीवन में कुछ संबंध ऐसे होते हैं जो समय की धूल से भी मेले नहीं होते हैं उनमें से एक है मित्रता ऐसे सभी मित्रों ने मिलकर आज अपनी पुरानी यादों को ताज किया एवं अंत में नियमित रूप से मिलते-जुलते रहने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में हायर सेकंडरी स्कूल तक की शिक्षा प्रदान करने वाले स्वर्गीय शिक्षक गुरुजी एवं बचपन के स्वर्गीय साथी महेश सामरिया एवं श्रीमती चतुर्वेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

देवास की शंकरगढ़ पहाड़ी पर किया जाएगा 9 हजार पौधों का रोपण 31 जुलाई को

देवास। शासन निर्देशानुसार आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में नगर निगम देवास द्वारा अमृत हरित महाअभियान 2026 के अंतर्गत शहर को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक लगभग 71 हजार पौधों का रोपण जनसहयोग, सीएसआर एवं निकाय निधि के माध्यम से सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इसी क्रम में 31 जुलाई शुक्रवार को, प्रात: 9 बजे देवास में स्थित शंकरगढ़ पहाड़ी, पर 9 हजार पौधों का एक साथ सामूहिक पौधारोपण किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संस्थाएं, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक सहभागिता करेंगे। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं पर्यावरण प्रेमियों से इस महाअभियान में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने एवं पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। जनसहभागिता से ही देवास को हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल शहर बनाने का लक्ष्य साकार होगा।

11 वर्षीय नाबालिग के साथ युवक ने की छेड़छाड

सोनकच्छ। पास के गांव में रहने वाली एक 11 वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक ने बुरी नीयत से छेड़छाड़ की। फरियादी पक्ष पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराए इसे लेकर आरोपी के परिजनों द्वारा उसके घर में लाठी डंडे लेकर पहुंचे और गाली गलौज की। प्राप्त जानकारी अनुसार 26 जुलाई को शाम करीबन 7 बजे 11 वर्षीय नाबालिग बच्ची की मां और उसके पिता मजदूरी घर लौटे। बच्ची ने माता पिता को उसके साथ हुई अश्लील घटना बताई। बच्ची ने कहा कि, दोपहर 4 बजे घर के बाहर मैदान में खेल रही थी। तो आरोपी विजय पिता भादर कीर आया और उसे एक मकान के पास बने शौचालय में ले जाकर उसके साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ की। बच्ची उसके हाथ पर काटकर भाग गई। आरोपी ने उसके पिता भादर व उसके भाई सोनू कीर के साथ आकर घर के बाहर लाठी डंडे लेकर जमकर गाली गलौज की। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों के विरुद्ध पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

जनपद पंचायत टोंक खुर्द की ग्राम पंचायत रंधन खेड़ी में चलाया स्वच्छता अभियान, लोगों ने भी किया समर्थन

टोंक खुर्द भारत मिशन के तहत वृहद स्तर पर साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि राजा भानेज के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा गाँव की स्वच्छता और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अनेक कार्य नियमित रूप से किए जा रहे हैं=

?नालियों एवं जल स्रोतों की सफाई= गंदे पानी की

सुचारू निकासी के लिए नालियों की नियमित सफाई की जा रही है और जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित की जा रही है। यह अभियान ग्राम पंचायत सरपंच सचिव ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहने शासकीय स्कूल के अध्यापकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, कचरा गाँव के विभिन्न हिस्सों से कचरा इकट्ठा कर उसका सही निपटान किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों की सफाई= पंचायत भवन, शासकीय स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों के परिसरों में रोज़ाना साफ-सफाई की जा रही है।

एक नजर — सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी सोलो सिटी में अंतरराष्ट्रीय आर्ट कैंप का भव्य आयोजन

इंडोनिशया में देवास के चित्रकार जयप्रकाश ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, किया नाम रोशन

देवास । इंडोनेशिया के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगर सोलो सिटी में आयोजित आठ दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आर्ट कैंप का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में विश्व के 28 देशों से आए आमंत्रित कलाकारों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कला के माध्यम से सांस्कृतिक संवाद को नई दिशा दी। आर्ट कैंप के दौरान सभी अंतरराष्ट्रीय कलाकारों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिसमें भारत से शहर के चित्रकार जयप्रकाश चौहान शामिल हुए और अपनी कला यात्रा और रिराइटिंग टूमारो विषय पर कला पर अपने विचार रखे। आयोजन का विशेष आकर्षण फ्लैग मार्च रहा, जिसमें सभी देशों के कलाकार अपने-अपने राष्ट्रीय ध्वज के साथ शामिल हुए और विश्व शांति, सांस्कृतिक एकता तथा कला के वैश्विक संदेश को प्रस्तुत किया। कलाकारों ने आर्ट कम्युनिकेशन, प्रेजेंटेशन, विचार-विमर्श तथा रचनात्मक अनुभवों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान कलाकारों को एक-दूसरे की कला और संस्कृति को निकट से समझने का अवसर मिला। सभी प्रतिभागी कलाकारों को इंडोनेशिया की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एवं प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कराया गया। कलाकारों ने स्थानीय संस्कृति, परंपराओं, ऐतिहासिक स्थलों और लोककलाओं का अवलोकन कर अपने अनुभव साझा किए। र जयप्रकाश ने भारतीय कला एवं संस्कृति की गरिमा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। आयोजन के समापन पर सभी कलाकारों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। यह अंतरराष्ट्रीय आर्ट कैंप कला, संस्कृति और वैश्विक मैत्री को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ, जिसने विभिन्न देशों के कलाकारों को एक साझा मंच पर जोड़ते हुए सांस्कृतिक सहयोग और रचनात्मक संवाद को नई ऊर्जा प्रदान की।